# अंतर्राष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड

## कक्षा-9

### पाठ्यक्रम

वर्ण विचार, पर्यायवाची शब्द, शब्द विचार, पद, विलोम शब्द, लिपि एवं भाषा, काल, बोली और भाषा, समरूपी भिन्नार्थक शब्द, 'र' के विभिन्न रूप, पद-परिचय, संयुक्त व्यंजन (वर्ण-विच्छेद), पदबंध, एकार्थक प्रतीत होने वाले शब्द, नुक्ता एवं आगत और निपात, विराम चिह्न, संधि (स्वर), वाक्य रचना, समास एवं उसके विभिन्न भेद, अनेकार्थी शब्द, शब्द एवं उसके भेद (संज्ञा, सर्वनाम, विशेषण, क्रिया, क्रियाविशेषण, संबंधबोधक, समुच्चयबांधक एव विस्मयादिबोधक), वाक्य के प्रकार (अर्थ के आधार पर), वाक्य शुद्धिकरण, वाक्यांशों के लिए एक शब्द एवं अपठित (गद्यांश एवं काव्यांश)।, कारक, उपसर्ग-प्रत्यय, विराम चिह्न, लिंग-वचन, मुहावरे और लोकोक्तिया।

- हिंदी ओलंपियाड प्रतियोगिता में हिस्सा लेने से विद्यार्थियों को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में स्वयं को परखने तथा सफलता के मार्ग की बाधाओं के बारे में पता चलता है।
- हिंदी ओलंपियाड परीक्षाओं में दिए गए प्रश्नों को जानने-समझने से विद्यार्थियों के अंदर ज्ञान की जिज्ञासा उत्पन्न होती है। इन परीक्षाओं की तैयारी से विद्यार्थियों का बहुआयामी विकास होता है।
- अभिव्यक्ति के सर्वाधिक विश्वसनीय माध्यम के रूप में भाषा समाज के सर्वांगीण विकास, निर्माण, अस्मिता, सामाजिक और सांस्कृतिक पहचान का भी महत्त्वपूर्ण साधन है। हिंदी ओलंपियाड की तैयारी विद्यार्थियों के लिए ज्ञान के नये मार्ग का सृजन करती है।
- अंतर्राष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड परीक्षाओं में चयनित विद्यार्थियों को पुरस्कार और प्रमाण पत्र मिलता है, इससे चयनित नहीं होने वाले विद्यार्थियों में भी प्रतिस्पर्धा की भावना उत्पन्न होती है।
- हिंदी ओलंपियाड परीक्षा की तैयारी के लिए कड़ी मेहनत और एकाग्रता अति आवश्यक है। अर्जुन की तरह अपने लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित रखें और रटने की बजाय समझने का अधिक प्रयास करें, तो सफलता आपके कदम चूमेगी।

# 1-भाषा, बोली, लिपि और व्याकरण

1. जब बोली का विकास होता है तो वो कहलाती है -
   (क) भाषा
   (ख) उपभाषा
   (ग) दोनों

2. भाषा का क्षेत्र होता है -
   (क) सीमित
   (ख) व्यापक
   (ग) कोई नहीं

3. बोली का क्षेत्र होता है -
   (क) सीमित
   (ख) व्यापक
   (ग) दोनों

4. ज्ञान के संचित कोष को कहते हैं -
   (क) साहित्य
   (ख) गद्य
   (ग) पद्य

5. लिखित भाषा होती है -
   (क) स्थायी
   (ख) अस्थाई
   (ग) कोई नहीं

6. वर्णों के मेल से बनते हैं -
   (क) वाक्य
   (ख) शब्द
   (ग) व्याकरण

7. मानक भाषा को कहते हैं -
   (क) साहित्यिक भाषा
   (ख) राजभाषा
   (ग) दोनों

8. भाषा के द्वारा आदान-प्रदान होता है -
   (क) नियमों का
   (ख) लिपियों का
   (ग) भावों और विचारों का

9. ध्वनि-चिह्नों के लिखित रूप हैं -
   (क) वर्ण
   (ख) शब्द
   (ग) वाक्य

10. ध्वनि चिह्नों को लिखने के लिए निश्चित किये गए चिह्नों को कहते हैं -
    (क) विराम-चिह्न
    (ख) लिपि
    (ग) बोली

11. भाषा के रूप हैं -
    (क) चार
    (ख) तीन
    (ग) दो

12. भाषा का क्षेत्रीय रूप है -
    (क) लिपि
    (ख) बोली
    (ग) मातृभाषा

13. गद्य तथा पद्य किससे संबंधित है ?
    (क) व्याकरण से
    (ख) मानक रूप से
    (ग) साहित्य से

14. मनुष्य सबसे पहले सीखता है -
    (क) मौखिक भाषा
    (ख) लिखित भाषा
    (ग) दोनों

# 2-वर्ण विचार

1. वर्णों के व्यवस्थित समूह को कहते हैं –
   (क) वर्ण दल
   (ख) वर्णमाला
   (ग) वर्ण समूह

2. चंद्रबिंदु इनमें से किस नाम से जाना जाता है ?
   (क) अनुनासिक
   (ख) अनुस्वार
   (ग) विसर्ग

3. किस शब्द में 'र' का प्रयोग सही नहीं है –
   (क) आदर्श
   (ख) प्रार्थना
   (ग) कार्यकर्म

4. स्पर्श व्यंजन होते हैं –
   (क) क से ह तक
   (ख) क से म तक
   (ग) अ से म तक

5. अं और अः क्या हैं ?
   (क) अनुस्वार
   (ख) विसर्ग
   (ग) अयोगवाह

6. ऊष्म व्यंजन हैं –
   (क) श, म, ह, स
   (ख) श, ष, स, ह
   (ग) व, ह, स, ष

7. कौन-सा स्वर ह्रस्व नहीं है ?
   (क) अ
   (ख) इ
   (ग) ए

8. कौन-सा स्वर दीर्घ नहीं है ?
   (क) उ
   (ख) ई
   (ग) ओ

9. स्वर की सहायता से बोले जाने वाले वर्णों को कहते हैं –
   (क) शब्द
   (ख) व्यंजन
   (ग) वाक्य

10. प्रयत्न के आधार पर व्यंजन के प्रकार होते हैं –
    (क) दो
    (ख) चार
    (ग) तीन

11. कौन-सा आगत स्वर है ?
    (क) इ
    (ख) ए
    (ग) ऑ

12. वर्ण के भेद होते हैं –
    (क) दो
    (ख) तीन
    (ग) चार

13. इनमें कौन-सा स्वर का भेद नहीं है –
    (क) ह्रस्व
    (ख) प्लुत
    (ग) स्पर्श

14. य, र, ल, व वर्णों की श्रेणी क्या हैं?
    (क) ऊष्म व्यंजन
    (ख) अंतःस्थ व्यंजन
    (ग) स्पर्श व्यंजन

# 3-संधि

1. स्वागत का संधि-विच्छेद है -
   (क) सवा + गत
   (ख) स्वा + गत
   (ग) सु + आगत

2. वीरोचित में प्रयोग हुआ है -
   (क) दीर्घ संधि
   (ख) गुण संधि
   (ग) वृद्धि संधि

3. नै + अक से बना शब्द है -
   (क) नैअक
   (ख) नायक
   (ग) नैयक

4. दिग्गज में प्रयुक्त हुआ है -
   (क) स्वर संधि
   (ख) व्यंजन संधि
   (ग) विसर्ग संधि

5. सुरेश में प्रयुक्त हुआ है -
   (क) व्यंजन संधि
   (ख) स्वर संधि
   (ग) विसर्ग संधि

6. अभ्युदय में प्रयुक्त हुआ है -
   (क) वृद्धि संधि
   (ख) यण संधि
   (ग) अयादि संधि

7. नीरज में प्रयुक्त हुआ है -
   (क) स्वर संधि
   (ख) व्यंजन संधि
   (ग) विसर्ग संधि

8. संधि के भेद हैं -
   (क) तीन
   (ख) चार
   (ग) दो

9. योग + इंद्र से बना शब्द है -
   (क) योगींद्र
   (ख) योगेंद्र
   (ग) यौगेन्द्र

10. नारी + ईश्वर से बना शब्द है -
    (क) नारीईश्वर
    (ख) नारेश्वर
    (ग) नारीश्वर

11. शिक्षा + अर्थी से बना शब्द है -
    (क) शिक्षार्थी
    (ख) शिक्षारथी
    (ग) शिक्षर्थी

12. प्रति + एक से बना शब्द है -
    (क) प्रतयेक
    (ख) प्रत्येक
    (ग) प्रतेक

13. अत्यंत का संधि-विच्छेद है -
    (क) अत्य + अंत
    (ख) अत्या + अंत
    (ग) अति + अंत

14. निस्तेज का संधि-विच्छेद है -
    (क) निस + तेज
    (ख) निः + तेज
    (ग) नीस +तेज

# 4-शब्द-परिचय

1. प्रयोग के आधार पर शब्द के भेद हैं -
   (क) तीन
   (ख) दो
   (ग) पाँच

2. घुड़सवार शब्द है -
   (क) यौगिक शब्द
   (ख) योगरूढ़ शब्द
   (ग) रूढ़ शब्द

3. कौन-सा शब्द योगरूढ़ है ?
   (क) नीरज
   (ख) राष्ट्रपति
   (ग) रेलगाड़ी

4. कौन-सा शब्द योगरूढ़ है ?
   (क) पाठशाला
   (ख) नमकीन
   (ग) नीलकंठ

5. कौन-सा शब्द रूढ़ नहीं है ?
   (क) कलम
   (ख) पुस्तक
   (ग) मित्रता

6. कौन-सा शब्द यौगिक है ?
   (क) श्वेतांबरा
   (ख) रसोईघर
   (ग) तिरंगा

7. लंबोदर शब्द है -
   (क) रूढ़ शब्द
   (ख) यौगिक शब्द
   (ग) योगरूढ़ शब्द

8. रात्रि शब्द है -
   (क) तत्सम
   (ख) देशज
   (ग) यौगिक

9. जलज शब्द है -
   (क) देशज
   (ख) योगरूढ़
   (ग) विदेशी

10. डॉक्टर शब्द है -
    (क) हिंदी
    (ख) अरबी
    (ग) अंग्रेजी

11. चाकू शब्द है -
    (क) यौगिक
    (ख) विदेशी
    (ग) योगरूढ़

12. कुत्ता का तत्सम शब्द है -
    (क) कुतबा
    (ख) कुक्कुर
    (ग) कुकुर

13. उत्पत्ति के आधार पर शब्द के भेद हैं -
    (क) तीन
    (ख) चार
    (ग) पाँच

14. रचना के आधार पर शब्द के भेद हैं -
    (क) तीन
    (ख) छह
    (ग) सात

# 5-शब्द भेद ( अर्थ के आधार पर )

1. वन का पर्यायवाची नहीं है -
   (क) अरण्य
   (ख) विटप
   (ग) विपिन

2. संसार का पर्यायवाची है -
   (क) द्विज
   (ख) लोक
   (ग) दशानन

3. रात का पर्यायवाची नहीं है -
   (क) दामिनी
   (ख) विभावरी
   (ग) रजनी

4. बादल का पर्यायवाची नहीं है -
   (क) मेघ
   (ख) नीरज
   (ग) जलधर

5. रवि का पर्यायवाची है -
   (क) राकेश
   (ख) भूधर
   (ग) सूर्य

6. ऊसर का विलोम है -
   (क) बंजर
   (ख) उर्वर
   (ग) शुष्क

7. नूतन का विलोम है -
   (क) प्राचीन
   (ख) पुराना
   (ग) पुरातन

8. उत्कर्ष का विलोम है -
   (क) हर्ष
   (ख) अपकर्ष
   (ग) अपहर्ष

9. अनुज का विलोम है -
   (क) अग्रज
   (ख) श्रेष्ठ
   (ग) बड़ा

10. खल का विलोम है -
   (क) दुर्जन
   (ख) सज्जन
   (ग) दुश्मन

11. जिसका मूल्य चुकाया न जा सके -
   (क) अमूल्य
   (ख) बहुमूल्य
   (ग) कीमती

12. जिसकी उपमा न दी जा सके -
   (क) अद्वितीय
   (ख) अनूठा
   (ग) अनुपम

13. जिसे टाला न जा सके -
   (क) अनिवार्य
   (ख) अटल
   (ग) जरूरी

14. दुर्लभ -
   (क) जिसे पाया न जा सके
   (ख) जो कठिनाई से मिले
   (ग) जो सरलता से मिले


हिंदी OLYMPIAD फाउंडेशन

15. सर्वज्ञ –
(क) जो थोड़ा जानता हो
(ख) जो सब कुछ जानता हो
(ग) जो कुछ न जानता हो

16. मितव्ययी –
(क) खर्च बचाने वाला
(ख) खर्च न करने वाला
(ग) कम खर्च करने वाला

17. कपट-कपाट –
(क) सुंदर वस्त्र, दरवाज़ा
(ख) दरवाज़ा, छल
(ग) छल, दरवाज़ा

18. प्रमाण-प्रणाम –
(क) नमस्ते, चरण-स्पर्श
(ख) सबूत, नमस्ते
(ग) उपाय, नमस्ते

19. अनंत का अर्थ नहीं है –
(क) आकाश
(ख) शेषनाग
(ग) वस्त्र

20. घट का अर्थ नहीं है –
(क) घना
(ख) हृदय
(ग) शरीर

21 'अंबर' शब्द का अनेकार्थक शब्द क्या होगा?
(क) आसमान
(ख) कपड़ा
(ग) (क), (ख) दोनों

22. अंबर का अर्थ नहीं है –
(क) आकाश
(ख) शून्य
(ग) स्थान

23. समान स्तर वालों से किया गया निवेदन –
(क) आग्रह
(ख) अनुरोध
(ग) हठ

24. 'असि' का पर्यायवाची शब्द क्या है?
(क) सुमन
(ख) नीरज
(ग) खड्ग

25. 'संध्या' का अर्थ क्या होगा?
(क) शाम
(ख) श्याम
(ग) कृष्ण

26. 'घोंसला' का अर्थ क्या होगा?
(क) नीर
(ख) नीड़
(ग) चालक

27. 'नमस्कार' का अर्थ क्या होगा?
(क) प्रमाण
(ख) प्रणाम
(ग) चालाक

28. 'भेद' शब्द का अर्थ न देने वाला शब्द कौन-सा है?
(क) अंतर
(ख) रहस्य
(ग) समय

# 6-उपसर्ग

1. बेरहम में मूल शब्द है -
   (क) रहम
   (ख) बे
   (ग) हमी

2. 'अध' उपसर्ग से बना सही शब्द है -
   (क) अधोगति
   (ख) अधमरा
   (ग) अधिपति

3. विज्ञान शब्द में प्रयुक्त उपसर्ग है -
   (क) विज्ञ
   (ख) वि
   (ग) वः

4. नामुमकिन शब्द में उपसर्ग है -
   (क) नाम
   (ख) ना
   (ख) नामु

5. निडर शब्द में उपसर्ग है -
   (क) निः
   (ख) नि
   (ग) निड

6. परोपकार शब्द में उपसर्ग है -
   (क) प
   (ख) पर
   (ग) परा

7. अधजला शब्द में उपसर्ग है -
   (क) अधः
   (ख) अध
   (ग) अधो

8. किस शब्द में नि उपसर्ग नहीं है -
   (क) निवास
   (ख) निगम
   (ग) निर्धन

9. सम्मान में उपसर्ग है -
   (क) सम्
   (ख) सं
   (ग) स

10. किस शब्द में 'प्र' उपसर्ग नहीं है -
   (क) प्रबल
   (ख) प्रश्न
   (ग) प्रचार

11. 'अत्याचार' में प्रयुक्त उपसर्ग है -
   (क) अती
   (ख) अत्य
   (ग) अति

12. 'अज्ञान' में प्रयुक्त उपसर्ग है -
   (क) अ
   (ख) अग्य
   (ग) अज्ञ

13. 'अधोलिखित' में कौन-सा उपसर्ग है ?
   (क) अधः
   (ख) अधो
   (ग) अध

14. 'दुष्कर्म' में कौन-सा उपसर्ग लगा है?
   (क) दुस्
   (ख) दुष
   (ग) दु


हिंदी OLYMPIAD फाउंडेशन

# 7-प्रत्यय

1. दौलतमंद में प्रयुक्त प्रत्यय है -
   (क) तमंद
   (ख) मंद
   (ग) अंद

2. कर्तव्य में प्रयुक्त प्रत्यय है -
   (क) अव्य
   (ख) तव्य
   (ग) व्य

3. दुहरा में प्रयुक्त प्रत्यय है -
   (क) हरा
   (ख) रा
   (ग) आ

4. 'अनुकरणीय' में कौन-सा प्रत्यय लगा है ?
   (क) अनीय
   (ख) अणीय
   (ग) ईय

5. कवित्व में प्रयुक्त प्रत्यय है -
   (क) तव
   (ख) तत्व
   (ग) त्व

6. बचपन में प्रयुक्त प्रत्यय है -
   (क) अन
   (ख) पन
   (ग) चपन

7. पंडिताइन में प्रयुक्त प्रत्यय है -
   (क) ताइन
   (ख) आइन
   (ग) ईन

8. 'भारतीय' में प्रयुक्त प्रत्यय है -
   (क) इय
   (ख) ईय
   (ग) तीय

9. किस शब्द में दो प्रत्यय हैं ?
   (क) धार्मिक
   (ख) सामाजिकता
   (ग) राजनैतिक

10. कृत प्रत्यय किससे बनते हैं ?
   (क) संज्ञा से
   (ख) सर्वनाम
   (ग) क्रिया

11. 'अपमानित' शब्द में मूल शब्द व प्रत्यय का योग है -
   (क) अपमान +इत
   (ख) मान + इत
   (ग) अप + मान + इत

12. 'प्यासा' शब्द में प्रयुक्त प्रत्यय है -
   (क) आ
   (ख) ड़ा
   (ग) अ

13. 'इत' प्रत्यय किस शब्द में नहीं है ?
   (क) हर्षित
   (ख) समाहित
   (ग) सम्मानित

14. 'नी' प्रत्यय किस शब्द में लगा है ?
   (क) नानी
   (ख) हंसिनी
   (ग) मोरनी

# 8-समास

1. 'पंजाब' शब्द में समास है -
   (क) कर्मधारय
   (ख) द्विगु
   (ग) तत्पुरुष

2. 'नीलकंठ' शब्द में समास है -
   (क) बहुव्रीहि
   (ख) द्वंद्व
   (ग) द्विगु

3. 'ग्रामगत' शब्द में समास है -
   (क) तत्पुरुष
   (ख) कर्मधारय
   (ग) अव्ययीभाव

4. 'क्रोधाग्नि' शब्द में समास है -
   (क) कर्म तत्पुरुष
   (ख) संबंध तत्पुरुष
   (घ) अपादान तत्पुरुष

5. 'लव-कुश' में समास है -
   (क) बहुव्रीहि
   (ख) द्वंद्व
   (ग) कर्मधारय

6. 'पीतांबर' में समास है -
   (क) अव्ययीभाव
   (ख) बहुव्रीहि
   (ग) द्वंद्व

7. समास के भेद हैं -
   (क) पाँच
   (ख) छह
   (ग) सात

8. 'यथासंभव' में समास है -
   (क) तत्पुरुष
   (ख) कर्मधारय
   (ग) अव्ययीभाव

9. 'रेखांकित' में समास है -
   (क) कर्म तत्पुरुष
   (ख) करण तत्पुरुष
   (ग) संप्रदान तत्पुरुष

10. 'शोकमुक्त' में समास है -
   (क) संप्रदान तत्पुरुष
   (ख) संबंध तत्पुरुष
   (ग) अपादान तत्पुरुष

11. 'कमलनयन' में समास है -
   (क) द्विगु
   (ख) कर्मधारय
   (ग) अव्ययीभाव

12. 'राजतिलक' में समास है -
   (क) तत्पुरुष समास
   (ख) द्विगु समास
   (ग) द्वंद्व समास

13. 'ध्यानमग्न' शब्द में समास है -
   (क) अपादान तत्पुरुष
   (ख) अधिकरण तत्पुरुष
   (ग) संप्रदान तत्पुरुष

14. 'वनगमन' में समास है -
   (क) कर्म तत्पुरुष
   (ख) करण तत्पुरुष
   (ग) अपादान तत्पुरुष

# 9-संज्ञा

1. धमकाना शब्द में भाववाचक संज्ञा है -
   (क) धमकी
   (ख) धाम
   (ग) धमक

2. 'हमारे देश में विभीषणों की कमी नहीं है' यह वाक्य किस संज्ञा का भेद है ?
   (क) व्यक्तिवाचक
   (ख) जातिवाचक
   (ग) भाववाचक

3. निम्नलिखित में से किस विकल्प में सभी संज्ञा शब्द भाववाचक हैं ?
   (क) हिंसा, सत्य, चतुराई
   (ख) ममता, दया, कृपा
   (ग) दिल्ली, सड़क, हरियाली

4. संपूर्ण जाति का बोध कराने वाले शब्द कहलाते हैं -
   (क) जातिवाचक संज्ञा
   (ख) भाववाचक संज्ञा
   (ग) व्यक्तिवाचक

5. निम्न में से जातिवाचक संज्ञा नहीं है-
   (क) फल
   (ख) लकड़ी
   (ग) बाइबल

6. सड़क पर बहुत भीड़ थी । 'भीड़' शब्द है -
   (क) समूहवाचक संज्ञा
   (ख) द्रव्यवाचक संज्ञा
   (ग) दोनों

7. संज्ञा के भेद हैं -
   (क) तीन
   (ख) चार
   (ग) दो

8. 'स्वामी' से बना भाववाचक संज्ञा शब्द है -
   (क) सेवा
   (ख) स्वामित्व
   (ग) सेवामय

9. हिरनों का झुंड वन में निर्भय घूम रहा था। यह वाक्य किस संज्ञा का भेद है ?
   (क) व्यक्तिवाचक
   (ख) समूह
   (ग) भाववाचक

10. रोमेश ने बड़ी शांति से मेरी पुस्तक देखी । 'शांति' शब्द है -
   (क) भाववाचक
   (ख) जातिवाचक
   (ग) व्यक्तिवाचक

11. निम्नलिखित में से कौन-सी जातिवाचक संज्ञा है -
   (क) चंडीगढ़
   (ख) आतिथ्य
   (ग) शिशु

12. काला से बना भाववाचक संज्ञा शब्द है -
   (क) काली
   (ख) कालिमा
   (ग) काले

# 10-लिंग

1. नायक का स्त्रीलिंग है -
   (क) नायिका
   (ख) खलनायिका
   (ग) नेत्री

2. बलवान का स्त्रीलिंग है -
   (क) बलवानी
   (ख) बलवती
   (ग) बलमती

3. विद्वान का स्त्रीलिंग है -
   (क) विद्यावती
   (ख) विद्यामती
   (ग) विदुषी

4. नदियों और झीलों के नाम होते हैं -
   (क) स्त्रीलिंग
   (ख) पुल्लिंग
   (ग) दोनों

5. पहाड़ों के नाम होते हैं -
   (क) स्त्रीलिंग
   (ख) पुल्लिंग
   (ग) दोनों

6. हंस का स्त्रीलिंग है -
   (क) हंसिनी
   (ख) हंसिका
   (ग) हंसा

7. कर्ता का स्त्रीलिंग है -
   (क) कर्त्री
   (ख) कर्ती
   (ग) दोनों

8. 'पाठक' का स्त्रीलिंग है -
   (क) पाठकी
   (ख) पाठकाइन
   (ग) पाठिका

9. 'कवि' का स्त्रीलिंग है -
   (क) कवितांजलि
   (ख) कविता
   (ग) कवयित्री

10. तोता का स्त्रीलिंग है -
    (क) मादा तोता
    (ख) तोती
    (ग) तोतनी

11. सम्राट का स्त्रीलिंग है -
    (क) सम्राटी
    (ख) सम्राटिन
    (ग) सम्राज्ञी

12. 'सुत' का स्त्रीलिंग है -
    (क) सुति
    (ख) सुता
    (ग) सुत्री

13. मयूरी का पुल्लिग है -
    (क) मयूरा
    (ख) मयूर
    (ग) मयुर

14. ब्राह्मणी का पुल्लिंग है -
    (क) ब्रह्मा
    (ख) ब्राह्मण
    (ग) ब्राहमण

# 11-वचन

**1. विद्यार्थी का बहुवचन होगा -**

(क) विद्यार्थीगण

(ख) विद्यार्थीयों

(ग) विद्यार्थियों

**2. गौ का बहुवचन होगा -**

(क) गौएँ

(ख) गौवे

(ग) गाए

**3. नारी का बहुवचन होगा -**

(क) नारियाँ

(ख) नारिआ

(ग) नारिआं

**4. लड़का का बहुवचन होगा -**

(क) लड़के

(ख) लड़काएँ

(ग) लड़को

**5. दीवार का बहुवचन होगा -**

(क) दीवारों

(ख) दीवारें

(ग) दीवारे

**6. लता का बहुवचन होगा -**

(क) लते

(ख) लताएँ

(ग) लताओं

**7. अध्यापिका का बहुवचन होगा -**

(क) अध्यापिकाओं

(ख) अध्यापिकाएँ

(ग) अध्यपिकाएँ

**8. वचन हमें बोध कराते हैं -**

(क) किसी बात का

(ख) अनेक होने का

(ग) एक या अनेक होने का

**9. हिंदी में वचन होते हैं -**

(क) दो

(ख) तीन

(ग) चार

**10. छात्र का बहुवचन होगा -**

(क) छात्रगण

(ख) छात्रओं

(ग) छात्रवृंद

**11. धेनु का बहुवचन होगा -**

(क) धेनुएँ

(ख) धेनुओं

(ग) धेनुः

**12. चुहिया का बहुवचन होगा -**

(क) चुहिये

(ख) चुहिओ

(ग) चुहियाँ

**13. कुटिया का बहुवचन होगा -**

(क) कुटिए

(ख) कुटियों

(ग) कुटियाँ

**14. होश शब्द है -**

(क) एकवचन

(ख) बहुवचन

(ग) दोनों

# 12-कारक

1. सौरभ ने सरिता को पुस्तक दी । वाक्य में 'को' परसर्ग है -
   (क) कर्ता कारक
   (ख) संप्रदान कारक
   (ग) संबंध कारक

2. विकल्प नाटक की एक किताब लाया है । इस वाक्य में 'की' है -
   (क) संबोधन कारक
   (ख) संबंध कारक
   (ग) करण कारक

3. मानित साइकिल से उतरा । वाक्य में 'से' परसर्ग है -
   (क) कर्म कारक
   (ख) अपादान कारक
   (ग) संप्रदान कारक

4. मान्यता कमरे में सो रही है । 'में' परसर्ग है -
   (क) अधिकरण कारक
   (ख) अपादान कारक
   (ग) संप्रदान कारक

5. अध्यापिका बच्चों को शिमला घुमाने ले गई । 'को' परसर्ग है -
   (क) कर्ता कारक
   (ख) करण कारक
   (ग) कर्म कारक

6. बच्चों ने चुपचाप अपना काम किया। 'ने' परसर्ग है -
   (क) कर्ता कारक
   (ख) कर्म कारक
   (ग) संप्रदान कारक

7. सब बच्चों में अनंत समझदार है। वाक्य में 'में' परसर्ग है -
   (क) अपादान कारक
   (ख) अधिकरण कारक
   (ग) संबंध कारक

8. माली ने बच्चे को फूल दिया । 'को' परसर्ग है -
   (क) संबोधन कारक
   (ख) अधिकरण कारक
   (ग) संप्रदान कारक

9. बढ़ई ने आरी से लकड़ी काटी । वाक्य में 'ने' परसर्ग है -
   (क) कर्म कारक
   (ख) करण कारक
   (ग) कर्ता कारक

10. यह गुलाब का फूल है । 'का' परसर्ग है -
   (क) कर्ता कारक
   (ख) संबंध कारक
   (ग) अधिकरण कारक

11. पेड़ से पत्ते गिरे । यह वाक्य किस कारक का उदाहरण है ?
   (क) संप्रदान कारक
   (ख) अपादान कारक
   (ग) अधिकरण कारक

12. यह चारपाई आँगन में बिछा दो । वाक्य में 'में' परसर्ग है -
   (क) कर्म कारक
   (ख) करण कारक
   (ग) अधिकरण कारक

# 13-सर्वनाम

1. अब तुम पढ़ा करो - वाक्य में प्रयुक्त 'तुम' शब्द है -
   (क) उत्तम पुरुषवाचक सर्वनाम
   (ख) मध्यम पुरुषवाचक सर्वनाम
   (ग) अन्यवाचक सर्वनाम

2. किसने कहा कि बारिश होगी ? 'किसने' किस सर्वनाम का उदाहरण है ?
   (क) संबंधवाचक सर्वनाम
   (ख) प्रश्नवाचक सर्वनाम
   (ग) निश्चयवाचक सर्वनाम

3. मैं जा रहा हूँ - इस वाक्य में 'मैं' शब्द का प्रयोग है-
   (क) उत्तम पुरुषवाचक सर्वनाम
   (ख) मध्यम पुरुषवाचक सर्वनाम
   (ग) अन्य पुरुषवाचक सर्वनाम

4. बाज़ार से कुछ भी ले आना -यह वाक्य किस सर्वनाम का उदाहरण है-
   (क) निश्चयवाचक
   (ख) प्रश्नवाचक
   (ग) अनिश्चयवाचक

5. यह कौन-सा प्रश्न कर रहे हो? 'कौन-सा' शब्द है ?
   (क) निजवाचक
   (ख) प्रश्नवाचक
   (ग) पुरुषवाचक

6. हमेंसत्य के मार्ग पर चलना चाहिए - 'हमें' शब्द है-
   (क) उत्तम पुरुषवाचक सर्वनाम
   (ख) मध्यम पुरुषवाचक सर्वनाम
   (ग) अन्य पुरुषवाचक सर्वनाम

7. 'जिसकी लाठी, उसकी भैंस' - यह वाक्य उदाहरण है -
   (क) अनिश्चयवाचक
   (ख) संबंधवाचक
   (ग) निजवाचक

8. यह मेरा पर्स है - इस वाक्य मे 'यह' है-
   (क) अनिश्चयवाचक
   (ख) निश्चयवाचक
   (ग) प्रश्नवाचक

9. तुम स्वयं ही चले जाना ! यह वाक्य उदाहरण है -
   (क) अनिश्चयवाचक
   (ख) प्रश्नवाचक
   (ग) निजवाचक

10. ये सब बहुत वीर हैं -'ये' किस सर्वनाम का उदाहरण है ?
    (क) अनिश्चयवाचक सर्वनाम
    (ख) निश्चयवाचक सर्वनाम
    (ग) निजवाचक सर्वनाम

11. कोई दरवाज़े पर खड़ा है ? 'कोई' शब्द है -
    (क) संबंधवाचक सर्वनाम
    (ख) निजवाचक सर्वनाम
    (ग) अनिश्चयवाचक सर्वनाम

12. जो पढ़ेगा सो सफल होगा - यह वाक्य उदाहरण है -
    (क) निजवाचक सर्वनाम
    (ख) निश्चयवाचक सर्वनाम
    (ग) संबंधवाचक सर्वनाम

# 14–विशेषण

1. मोहन होशियार लड़का है – 'होशियार' है–
(क) गुणवाचक
(ख) परिमाणवाचक
(ग) संख्यावाचक

2. कक्षा में चालीस विद्यार्थी हैं – 'चालीस' शब्द उदाहरण है–
(क) संख्यावाचक
(ख) परिमाणवाचक
(ग) संकेतवाचक

3. कुछ बच्चे पढ़ रहे हैं – वाक्य में 'कुछ' शब्द है–
(क) निश्चित संख्यावाचक
(ख) अनिश्चितवाचक संख्यावाचक
(ग) परिमाणवाचक

4. वे लड़के पढ़ रहे हैं – यह वाक्य किस विशेषण का उदाहरण है ?
(क) परिमाणवाचक
(ख) सार्वनामिक विशेषण
(ग) गुणवाचक

5. किसी बालक ने पुकारा। इस वाक्य में कौन-सा विशेषण है?
(क) गुणवाचक
(ख) परिमाणवाचक
(ग) सार्वनामिक विशेषण

6. मेरे पास दो किताबें हैं – 'दो किताबें' हैं –
(क) निश्चित संख्यावाचक
(ख) अनिश्चित संख्यावाचक
(ग) परिमाणवाचक

7. वह दो किलो चावल लाया है – वाक्य में 'दो किलो' कौन-सा विशेषण है ?
(क) निश्चित परिमाणवाचक
(ख) अनिश्चित परिमाणवाचक
(ग) संकेतवाचक

8. मुझे सौ रुपये दे दीजिए – सौ रुपये किस विशेषण का उदाहरण है ?
(क) गुणवाचक
(ख) संख्यावाचक
(ग) परिमाणवाचक

9. उसके पास बहुत खिलौने हैं – 'बहुत' शब्द है–
(क) गुणवाचक
(ख) संख्यावाचक
(ग) परिमाणवाचक

10. परिश्रमी बच्चे सदैव सफल होते हैं।' इस वाक्य में 'परिश्रमी' है–
(क) संख्यावाचक
(ख) सार्वनामिक विशेषण
(ग) गुणवाचक

11. कुछ लोग आपस में बातें कर रहे हैं। यह वाक्य उदाहरण है –
(क) गुणवाचक का
(ख) संख्यावाचक का
(ग) सार्वनामिक विशेषण का

12. 'रोगी बिलकुल स्वस्थ है।' यह उदाहरण है –
(क) सार्वनामिक विशेषण
(ख) परिमाणवाचक
(ग) प्रविशेषण

# 15-क्रिया

1. भीड़ ने ड्राइवर को पकड़कर मारा -
   (क) संयुक्त क्रिया
   (ख) प्रेरणार्थक क्रिया
   (ग) पूर्वकालिक क्रिया

2. तुम्हें निराश होने की ज़रूरत नहीं है -
   (क) द्विकर्मक क्रिया
   (ख) प्रेरणार्थक क्रिया
   (ग) अकर्मक क्रिया

3. उदिता पढ़कर सो गई -
   (क) संयुक्त क्रिया
   (ख) पूर्वकालिक क्रिया
   (ग) प्रेरणार्थक क्रिया

4. सुरेश पौधे लगवाता है -
   (क) सामान्य क्रिया
   (ख) संयुक्त क्रिया
   (ग) प्रेरणार्थक क्रिया

5. मैंने खाना खाया -
   (क) संयुक्त क्रिया
   (ख) सामान्य क्रिया
   (ग) प्रेरणार्थक क्रिया

6. चित्रकार चित्र बनाता है -
   (क) अकर्मक क्रिया
   (ख) सकर्मक क्रिया
   (ग) द्विकर्मक क्रिया

7. रमेश कहानी सुनाता है -
   (क) एककर्मक क्रिया
   (ख) द्विकर्मक क्रिया
   (ग) संयुक्त क्रिया

8. पिताजी खाना खा चुके हैं -
   (क) सकर्मक क्रिया
   (ख) पूर्वकालिक क्रिया
   (ग) नामधातु क्रिया

9. तुम आकर जल्दी चले जाना -
   (क) संयुक्त
   (ख) सामान्य
   (ग) पूर्वकालिक

10. हमने माली से पौधे लगवाए -
   (क) नामधातु
   (ख) प्रेरणार्थक
   (ग) पूर्वकालिक

11. तुम मेरा सामान हथियाना चाहते हो -
   (क) संयुक्त
   (ख) नामधातु
   (ग) प्रेरणार्थक

12. वह जा चुका है -
   (क) नामधातु
   (ख) संयुक्त क्रिया
   (ग) पूर्वकालिक

13. हमलोग शाम चार बजे की बस से चले -
   (क) संयुक्त क्रिया
   (ख) सामान्य क्रिया
   (ग) नामधातु क्रिया

14. वह कल कार से शिमला जाएगा -
   (क) द्विकर्मक क्रिया
   (ख) प्रेरणार्थक क्रिया
   (ग) अपूर्ण क्रिया

# 16-काल

1. भविष्यत् काल के कितने भेद होते हैं ?
   (क) तीन
   (ख) दो
   (ग) चार

2. आसन्न भूतकाल का उदाहरण है -
   (क) राम अभी विद्यालय गया है ।
   (ख) डाकिया पत्र देकर जा चुका था ।
   (ग) माली पेड़-पौधों को पानी देगा ।

3. संभवत: अब ये पौधे हरे-भरे हो जाएँ - काल का भेद बताइए -
   (क) सामान्य भविष्यत् काल
   (ख) संभाव्य भविष्यत् काल
   (ग) कोई नहीं

4. अध्यापक ने हमें पढ़ाया - काल का भेद बताइए -
   (क) सामान्य भूतकाल
   (ख) आसन्न भूतकाल
   (ग) पूर्ण भूतकाल

5. पक्षी कलरव कर रहे हैं - काल का भेद बताइए -
   (क) वर्तमान काल
   (ख) भूतकाल
   (ग) भविष्यत् काल

6. रोहन पतंग उड़ा रहा था - काल का भेद बताइए -
   (क) पूर्ण भूतकाल
   (ख) अपूर्ण भूतकाल
   (ग) आसन्न भूतकाल

7. काल के कितने भेद होते हैं ?
   (क) दो
   (ख) तीन
   (ग) पाँच

8. भूतकाल के कितने भेद होते हैं ?
   (क) चार
   (ख) पाँच
   (ग) छह

9. सुमन पत्र लिख रही थी - काल का भेद है -
   (क) पूर्ण भूतकाल
   (ख) अपूर्ण भूतकाल
   (ग) संदिग्ध भूतकाल

10. 'दादाजी मिठाई लाते होंगे' में काल का भेद बताइए -
   (क) भविष्यत् काल
   (ख) संदिग्ध वर्तमान काल
   (ग) अपूर्ण वर्तमान काल

11. 'छात्र प्रतिदिन विद्यालय जाते हैं' । में काल का भेद बताइए -
   (क) सामान्य वर्तमान काल
   (ख) अपूर्ण वर्तमान काल
   (ग) संदिग्ध वर्तमान काल

12. पानी मिलता तो पौधे हरे-भरे रहते - काल का भेद बताइए -
   (क) संदिग्ध भूतकाल
   (ख) हेतु-हेतुमद भूतकाल
   (ग) अपूर्ण भूतकाल


हिंदी OLYMPIAD फाउंडेशन

# 17–वाक्य

1. मुझे प्रतियोगिता में भाग नहीं लेना –
   (क) विधानवाचक
   (ख) निषेधवाचक
   (ग) इच्छावाचक

2. तुम परिश्रम नहीं करोगे तो सफल कैसे होगे –
   (क) संकेतवाचक
   (ख) संदेहवाचक
   (ग) विधानवाचक

3. अरे ! मंदिर में पूजा हो रही है –
   (क) आज्ञावाचक
   (ख) इच्छावाचक
   (ग) विस्मयवाचक

4. अर्थ के आधार पर वाक्य के भेद हैं –
   (क) सात
   (ख) आठ
   (ग) नौ

5. रचना के आधार पर वाक्य के भेद हैं –
   (क) तीन
   (ख) चार
   (ग) पाँच

6. यह वही छात्र है जिसने सबसे अच्छे अंक प्राप्त किए। वाक्य है –
   (क) सरल वाक्य
   (ख) मिश्र वाक्य
   (ग) संयुक्त वाक्य

7. सूरज प्रातः निकलता है –
   (क) सरल वाक्य
   (ख) संयुक्त वाक्य
   (ग) मिश्र वाक्य

8. मैं बाजा नहीं बजा सकता –
   (क) संकेतवाचक
   (ख) इच्छावाचक
   (ग) निषेधवाचक

9. तुमने कक्षा-कार्य पूरा क्यों नहीं किया ?
   (क) विधानवाचक
   (ख) संकेतवाचक
   (ग) प्रश्नवाचक

10. यहाँ पर कार पार्क मत कीजिए –
   (क) संकेतवाचक
   (ख) आज्ञावाचक
   (ग) विस्मयवाचक

11. शायद मैं कल आऊँगी –
   (क) इच्छावाचक
   (ख) विधानवाचक
   (ग) संदेहवाचक

12. ईश्वर तुम्हें सुखी रखे –
   (क) विधानवाचक
   (ख) इच्छावाचक
   (ग) आज्ञावाचक

13. लगता है, चोर पकड़ा जाएगा – यह वाक्य किसका उदाहरण है?
   (क) इच्छावाचक
   (ख) संदेहवाचक
   (ग) संकेतवाचक

14. आज दुकानें बंद हैं –
   (क) आज्ञावाचक
   (ख) विधानवाचक
   (ग) संकेतवाचक

# 18-विराम-चिह्न

1. विवरण चिह्न है -
   (क) -
   (ख) :-
   (ग) द्य

2. तुम्हारा नाम क्या है ?
   (क) पूर्णविराम
   (ख) प्रश्नसूचक
   (ग) निर्देशक

3. उफ़ ! कितनी गर्मी है -
   (क) विस्मयादिबोधक
   (ख) लाघव
   (ग) प्रश्नसूचक

4. जब भी बारिश आती है ; बिजली अवश्य कड़कती है -
   (क) अर्धविराम
   (ख) अल्पविराम
   (ग) पूर्णविराम

5. पं० दीनदयाल उपाध्याय बहुत अच्छे थे -
   (क) कोष्ठक
   (ख) हंसपद
   (ग) लाघव

6. विराम-चिह्न के भेद हैं -
   (क) दस
   (ख) बारह
   (ग) तीन

7. अध्यापिका पढ़ाती रही ; बच्चे शोर करते रहे -
   (क) अल्पविराम
   (ख) अर्धविराम
   (ग) प्रश्नसूचक

8. अरे ! तुम आ गए -
   (क) योजक चिह्न
   (ख) विस्मयादिबोधक चिह्न
   (ग) प्रश्नसूचक चिह्न

9. तुम कहाँ रहते हो ?
   (क) लाघव चिह्न
   (ख) पूर्णविराम चिह्न
   (ग) प्रश्नसूचक चिह्न

10. राम, मोहन बाजार गए -
   (क) अर्धविराम चिह्न
   (ख) अल्पविराम चिह्न
   (ग) उद्धरण चिह्न

11. राजा दशरथ के चार बेटे :- राम, लक्ष्मण, भरत और शत्रुघ्न
   (क) विवरण चिह्न
   (ख) निर्देशक चिह्न
   (ग) योजक चिह्न

12. रात-दिन, सुख-दुख
   (क) निर्देशक चिह्न
   (ख) योजक चिह्न
   (ग) उद्धरण चिह्न

13. मैंने पूजा की ।
   (क) अर्धविराम चिह्न
   (ख) पूर्णविराम चिह्न
   (ग) अल्पविराम चिह्न

14. प्रधानाचार्य ने कहा - कल विद्यालय में अवकाश है।
   (क) विस्मयादिबोधक
   (ख) निर्देशक
   (ग) कोष्ठक

# 19-मुहावरे एवं लोकोक्तियाँ

**1. मोहन अपनी माँ की ………… है –**

(क) आँखें फेरना

(ख) आँखों का तारा

(ग) आग में घी डालना

**2. दाल में काला –**

(क) दाल में कुछ पड़ जाना

(ख) भेद खुलना

(ग) संदेह होना

**3. जान-बूझकर मुसीबत मोल लेना –**

(क) अधजल गगरी छलकत जाये

(ख) आ बैल मुझे मार

(ग) साँच को आँच नहीं

**4. पूरा दिन काम करने के बाद तुमने 100 रुपये कमाए। ये तो वही बात हुई –**

(क) नेकी कर दरिया में डाल

(ख) खोदा पहाड़ निकली चुहिया

(ग) आग में घी डालना

**5. प्रत्यक्ष को प्रमाण की ज़रूरत नहीं –**

(क) हाथ कंगन को आरसी क्या

(ख) हाथ में कंगन पहनना

(ग) ऊँची दुकान फीका पकवान

**6. दृढ़ निश्चय करना –**

(क) पक्का इरादा करना

(ख) खून पसीना एक करना

(ग) भाग जाना

**7. इशारों पर नचाना**

(क) अपने अनुसार कार्य करवाना

(ख) बहुत दिन बाद दिखाई देना

(ग) तंग करना

**8. धोखेबाज मित्र –**

(क) गुदड़ी का लाल

(ख) चोर की दाढ़ी में तिनका

(ग) आस्तीन का साँप

**9. चापलूसी करना –**

(क) एड़ी चोटी का जोर लगाना

(ख) आँखें फेरना

(ग) तलवे चाटना

**10. क्रोध को भड़काना –**

(क) आग में घी डालना

(ख) जूतियाँ चटखाना

(ग) जमीन पर पाँव न पड़ना

**11. माता-पिता का हर आदेश बच्चे के लिए ………… के समान है।**

(क) पत्थर की लकीर

(ख) दो दिन का मेहमान

(ग) आस्तीन का साँप

**12. 'एकमात्र सहारा' के लिए मुहावरा होगा –**

(क) आँखें दिखाना

(ख) अंधे की लाठी

(ग) अँगूठा दिखाना

**13. हरा देना –**

(क) छक्के छुड़ाना

(ख) छठी का दूध याद दिलाना

(ख) छाती पर साँप लोटना

**14. जानी दुश्मन –**

(क) खून पसीना एक करना

(ख) खून का प्यासा

(ग) काँटों पर चलना

# 20-यह भी जानें

## संख्याओं के नाम

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एक | 26 | छब्बीस | 51 | इक्यावन | 76 | छिहत्तर |
| 2 | दो | 27 | सत्ताईस | 52 | बावन | 77 | सतहत्तर |
| 3 | तीन | 28 | अट्ठाईस | 53 | तिरपन | 78 | अठहत्तर |
| 4 | चार | 29 | उनतीस | 54 | चौवन | 79 | उन्यासी |
| 5 | पाँच | 30 | तीस | 55 | पचपन | 80 | अस्सी |
| 6 | छह | 31 | इकतीस | 56 | छप्पन | 81 | इक्यासी |
| 7 | सात | 32 | बत्तीस | 57 | सत्तावन | 82 | बयासी |
| 8 | आठ | 33 | तैंतीस | 58 | अट्ठावन | 83 | तिरासी |
| 9 | नौ | 34 | चौंतीस | 59 | उनसठ | 84 | चौरासी |
| 10 | दस | 35 | पैंतीस | 60 | साठ | 85 | पचासी |
| 11 | ग्यारह | 36 | छत्तीस | 61 | इकसठ | 86 | छियासी |
| 12 | बारह | 37 | सैंतीस | 62 | बासठ | 87 | सत्तासी |
| 13 | तेरह | 38 | अड़तीस | 63 | तिरेसठ | 88 | अट्ठासी |
| 14 | चौदह | 39 | उनतालीस | 64 | चौसठ | 89 | नवासी |
| 15 | पंद्रह | 40 | चालीस | 65 | पैंसठ | 90 | नब्बे |
| 16 | सोलह | 41 | इकतालीस | 66 | छियासठ | 91 | इक्यानवे |
| 17 | सत्रह | 42 | बयालीस | 67 | सड़सठ | 92 | बानबे |
| 18 | अठारह | 43 | तैंतालीस | 68 | अड़सठ | 93 | तिरानबे |
| 19 | उन्नीस | 44 | चवालीस | 69 | उनहत्तर | 94 | चौरानबे |
| 20 | बीस | 45 | पैंतालीस | 70 | सत्तर | 95 | पंचानबे |
| 21 | इक्कीस | 46 | छियालीस | 71 | इकहत्तर | 96 | छियानबे |
| 22 | बाइस | 47 | सैंतालीस | 72 | बहत्तर | 97 | सत्तानबे |
| 23 | तेईस | 48 | अड़तालीस | 73 | तिहत्तर | 98 | अट्ठानबे |
| 24 | चौबीस | 49 | उनचास | 74 | चौहत्तर | 99 | निन्यानबे |
| 25 | पच्चीस | 50 | पचास | 75 | पचहत्तर | 100 | सौ |

## दिनों के नाम

रविवार

सोमवार

मंगलवार

बुधवार

बृहस्पतिवार

शुक्रवार

शनिवार

## हिंदी महीनों के नाम

चैत (चैत्र)

बैसाख

जेठ (ज्येष्ठ)

आषाढ़

सावन (श्रावण)

भादों (भाद्रपद)

क्वार (अश्विन)

कार्तिक

अगहन

पूस

माघ

फागुन (फाल्गुन)



हिंदी OLYMPIAD फाउंडेशन